SNAP सप्लीमेंट एवं ऑनलाइन खरीद

पिछले सप्ताह इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़ (IDHS)) ने घोषणा की थी कि संघीय सरकार ने सभी पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP) गृहस्थियों के लिए आपातकालीन आवंटन (एमरजेंसी अलॉटमेंट्स) पूरे जून जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। ये आवंटन यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवारों को वैश्विक-महामारी के दौरान उनकी गृहस्थी के आकार के अनुसार अधिकतम SNAP निधियां मिलें। ग्राहक को इसके लिए कुछ नहीं करना है, जून 2020 के SNAP आपातकालीन आवंटन सक्रिय SNAP गृहस्थियों के लिए 06/19/20 और 06/30/2020 के बीच उपलब्ध हो जाएंगे।

IDHS को लगभग दस लाख गृहस्थियों में पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP) के 19 लाख से भी अधिक ग्राहकों के लिए अब किराने की ऑनलाइन खरीद की पेशकश करते हुए भी गर्व हो रहा है। इससे इस संकट के समय में और बाद में भी, इतने सारे परिवारों के लिए भोजन तक पहुंच हासिल करना थोड़ा और आसान हो जाएगा।

एमेज़ॉन (Amazon) और वॉलमार्ट (Walmart) इस कार्यक्रम के आरंभ होने के साथ इलिनॉय में ऑनलाइन SNAP प्रदान करने वाले सबसे शुरुआती फुटकर विक्रेता हैं। हमें प्रसन्नता है कि विशाल डिलीवरी क्षेत्रों वाले राष्ट्रीय स्तर के फुटकर विक्रेता के रूप में वे इस कार्यक्रम में आरंभिक साझेदार हैं और वे इतने सारे लोगों तक तुरंत ही पहुंच जाएंगे। IDHS अन्य किराना फुटकर विक्रेताओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है कि वे संपूर्ण इलिनॉय के समुदायों में इस कार्यक्रम की पहुंच चारों दिशाओं में बढ़ाएं।

SNAP लाभों हेतु आवेदन के लिए, कृपया abe.illinois.gov पर आएं।

CALL 4 CALM

इलिनोइस मानव सेवा विभाग ने "Call4Calm" को चलाना जारी रखा है जो एक नि:शुल्क भावनात्मक सहायता टेक्स्ट लाइन है जिसे इलिनोइस के लोगों को कोविड-19 से संबंधित तनाव को कम करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। लोग **552020** पर "TALK" (या स्पैनिश के लिए "HABLAR") टेक्स्ट करके कम्युनिटी मेंटल हेल्थ सेंटर के किसी केयरिंग काउंसेलर की ओर से कॉल प्राप्त कर सकते हैं जो लोगों द्वारा झेली जा रही चुनौतियों के बारे में सुन सकता है।

इसके अलावा, टेक्स्ट नंबर से इलिनोइस के लोगों को महामारी के दौरान दूसरी महत्वपूर्ण समस्याओं पर सहायता और दिशानिर्देश प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। प्रतिक्रिया स्वरूप अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए निवासी **552020** पर "UNEMPLOYMENT," "FOOD," या "SHELTER," जैसे कीवर्ड टेक्स्ट कर सकते हैं।

नगणना

इलिनॉय के हर व्यक्ति को गिना जाना आवश्यक है! IDHS जनगणना कार्यालय की मई की रिपोर्ट दर्शाती है कि "27 अप्रैल, 2020 को, जनगणना स्व-प्रतिक्रिया दरों के मामले में देश में इलिनॉय का नौवां स्थान था।" विधायक और मतदाता अपने क्षेत्र की प्रतिक्रिया दरों के बारे में अमेरिकी जनगणना ब्यूरो (USCB) के प्रतिक्रिया दर पृष्ठ पर आकर और जान सकते हैं।

आपको याद दिला दें कि अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने स्व-प्रतिक्रिया का अंतिम दिनांक 31 अक्तूबर, 2020 तक बढ़ा दिया है। ऑनलाइन जनगणना पूरी करने के लिए My2020census.gov देखें या **1-844-330-2020** पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए **987987** पर संदेश भेजें या census.illinois.gov पर जाएं।

IDHS वेबसाइट की नई डिज़ाइन



इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) को अपनी नई डिज़ाइन वाली वेबसाइट पेश करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है जो www.DHS.illinois.gov पर उपलब्ध है। नई साइट पहले से अधिक उपयोक्ता-हितैषी है और इसमें वांछित जानकारी ढूंढना पहले से कहीं अधिक आसान है।

IDHS कोविड-19 (COVID-19) जानकारी

कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़) के समस्त मार्गदर्शन, संदेश/सूचनाएं, अपडेट, लिंक, संसाधन, घोषणाएं, एवं प्रकाशनियां IDHS कोरोनावायरस जानकारी पेज पर उअब भी उपलब्ध हैं।

बाल देखभाल की बहाली

राज्यपाल जेबी प्रिट्ज़कर (गवर्नर JB Pritzker) ने एक $27 करोड़ के बाल देखभाल बहाली (चाइल्ड केयर रेस्टोरेशन) अनुदान कार्यक्रम की घोषणा की थी जो इलिनॉय के बाल देखभाल प्रदाताओं के विशाल नेटवर्क को सहायता देगा जो इस कोविड-19 (COVID-19) वैश्विक-महामारी के दौरान भी संपूर्ण राज्य के बच्चों की देखभाल जारी रखे हुए हैं।

बाल देखभाल बहाली अनुदानों का व्यवस्थापन इलिनॉय बाल देखभाल संसाधन एवं संप्रेषण अभिकरण नेटवर्क (इलिनॉय नेटवर्क ऑफ़ चाइल्ड केयर रिसोर्स एंड रेफ़रल एजेंसीज़, INCCRRA) द्वारा किया जाएगा।

आज एक "आवेदन की अभिलाषा" सर्वेक्षण यहां ऑनलाइन उपलब्ध है। एकत्र होने वाली जानकारी से कार्यक्रम के विकास के लिए आवश्यक सूचनाएं मिलेंगी; उक्त कार्यक्रम जुलाई में आरंभ किया जा रहा है और प्रदाताओं को अनुदान की अपनी पहली किस्तें इन्हीं गर्मियों में आगे मिल जाएंगी।